Australian Government | acma | Australian Communications and Media Authority

विदेशी उपग्रह (सैटेलाइट) टीवी

कुछ लोग सैटेलाइट डिश के उपयोग द्वारा विदेशी टीवी कार्यक्रम देखने में सक्षम हैं। इन सेवाओं की प्राप्ति (रिसेप्शन) कभी-कभी आकस्मिक होती है, जिसका अर्थ है कि यह संयोग से होती है - यह ACMA की स्पेक्ट्रम प्रबंधन व्यवस्था द्वारा समर्थित नहीं है।

इस प्रकार के टीवी में अक्सर रिसेप्शन की समस्या होती है और यह ऑस्ट्रेलिया में व्यवधान से सुरक्षित नहीं है। आपको ऐसा व्यवधान मिल सकता है जिसे ठीक नहीं किया जा सकता।

विदेशी उपग्रह टीवी उपकरण पर व्यवधान के कारण

विदेशी कार्यक्रमों को देखने के लिए उपयोग किए जाने वाले सैटेलाइट टीवी उपकरण आस-पास संचालित लाइसेंस प्राप्त सेवाओं के अन्य संकेतों से प्रभावित हो सकते हैं। ये सिग्नल मोबाइल फोन टावरों, मोबाइल ब्रॉडबैंड इंटरनेट, या निकटवर्ती फ़्रीक्वेंसी बैंड पर अन्य सिग्नल से हो सकते हैं।

सहायता कैसे प्राप्त करें

ACMA बिना लाइसेंस वाले विदेशी सैटेलाइट टीवी के लिए निदान या जांच सेवाएं प्रदान नहीं करती है।

यदि आपके पास अपनी सैटेलाइट टीवी सेवा में व्यवधान के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो एंटीना इंस्टॉलर (स्थापनाकर्ता) या पेशेवर सैटेलाइट डिश तकनीशियन से संपर्क करें। वे व्यवधान के कारण की और रिसेप्शन को बेहतर बनाने के तरीके की जांच कर सकते हैं।

हो सकता है समस्याओं को ठीक करना संभव न हो और विदेशी उपग्रह टीवी पर आपका व्यवधान हमेशा बना रहे। सैटेलाइट डिश खरीदने और इंस्टॉल (स्थापित) करने से पहले या समस्या को देखने के लिए किसी तकनीशियन को बुलाने पर विचार करें।

प्रभावित सैटेलाइट टीवी चैनलों तक पहुंचने के वैकल्पिक तरीके

आप प्रभावित विदेशी टीवी चैनलों और कार्यक्रमों को वैकल्पिक फ्रीक्वेंसी (आवृत्ति) के माध्यम से, इंटरनेट पर या स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाता के माध्यम से देखने में सक्षम हो सकते हैं। आपका सैटेलाइट टीवी सेवा प्रदाता या प्रभावित सैटेलाइट टीवी चैनलों के प्रशासक आपको अन्य विकल्पों पर सलाह दे सकते हैं। और अधिक जानकारी के लिए आपको उनसे संपर्क करना होगा।